कार्यवाही | गढ़ा पुलिस ने धोखाधड़ी की दर्ज की एफआईआर

# मेडिकल में खून का सौदा : तीन दलाल गए जेल

**जबलपुर।** महाकोशल के सबसे बड़े अस्पताल कहे जाने वाले मेडिकल कॉलेज में खून की दलाली करते हुए दो हजार रूपए ऐंठने वाले दलालों के खिलाफ गढा पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही तीन दलालों को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक अरविंद सिंह पिता शिवपाल सिंह 40 वर्ष निवासी परसवाडा कालोनी धनवन्तरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी गर्भवति पत्नि अंजू सिंह का स्वास्थ्य खराब होने के कारण एक नवम्बर को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल जबलपुर में भर्ती कराया था जो स्त्री रोग विभाग में भर्ती है। पत्नि को इलाज के दौरान खून की




आवश्यकता हुई डाक्टर ने बताया कि ब्लड लगेगा वह ब्लड के लिये मेडिकल स्थित ब्लड बैंक गया खून की आवश्यकता के लिये पर्ची कटाने के लिये समय दोपहर करीब 4 बजे ओपीडी मेडिकल अस्पताल गया जहां उसे अंशुल अवस्थी (गोलू) मिला और बोला कि यहां ब्लड नहीं मिलेगा सरकारी ब्लड लेने में 4-5 दिन लग जायेंगे मैं आपको ब्लड दिलवा देता हूँ। ब्लड बैंक से ब्लड लेने के लिये ब्लड डोनर जो भर्ती मरीज का कोई रिश्तेदार लगता है उसके पास कई ब्लड डोनर है जो आपके साथ ब्लड बैंक जाकर ब्लड डोनेट कर देंगे व उस ब्लड के बदले ब्लड बैंक से अपनी पत्नि के लिये ब्लड मिल जायेगा इसके लिये 2000 रुपये देने पडेंगे ब्लड डोनर को भी रुपये देने पड़ते है तब अंशुल अवस्थी (गोलू) को 2000 रुपये दिये तो बोला कि मैं ब्लड डोनर को लेकर 10 मिनट में आ रहा हूँ ब्लड बैंक के सामने ही मिलो और वहां से चला गया काफी देर तक उसका इंतजार किया लेकिन वह नही आया। अंशुल अवस्थी उर्फ गोलू ने ब्लड दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 2000 रुपये लिये।

### इन्हें भेजा जेल

गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि खून की दलाल मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अंशल अवस्थी उर्फगोली, आरोपी अन्नू उर्फ एन्ड्र्यू जार्ज 30 वर्ष निवासी आई टाईप कालोनी सर्वेन्ट क्वाटर गढा एवं जॉन्सन फांसिस 51 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर को को गिरफ्तार किया। तीनों को रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### बड़ा रैकेट है सक्रिय, कई हो सकते है बेनकाब

जरूरतमंदों को ब्लड बेचने बेचने वाला बड़ा रैकेट सक्रिय है। पूर्व में भी कई दलाल पकड़े जा चुके है। ब्लड बैंक से खून दिलाने के नाम पर दलाल जरूरतमंदों से मोटी रकम ऐंठते है। इस रैकेट में अस्पताल कर्मियों की मिलीभगत की आशंका है। जिसकी भी जांच पड़ताल चल रही है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जिसमें कई और चेहरे बेनकाब हो सकते है। साथ ही मास्टरमाइंड का भी पता चल सकता है।

### ऐसे चलता है खून का धंधा

मेडिकल में दलालों की गैंग जरूरतमंद को जिस ब्लड की जरूररत होती है उस ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को कॉल करके बुलाते है। अस्पताल में क्रॉस मैच और टेस्ट होने के बाद डोनर बनकर पहुंचा व्यक्ति ब्लड देता है और बदले में दलाल रकम ऐंठते है। यह बात भी सामने आ रही है कि दलाल अपने इलाकों में रहने वाले लोगों से लेकर दोस्तों, करीबियों का ब्लड कौन सा है इसकी लिस्ट बनाकर रखते है। जिस ब्लड की जरूरत होती है संबंधित को बुलाते है इसके बाद व्यक्ति ब्लड देता है जिसके एवज में उसे भी पैसे दिए जाते है। बड़ी रकम दलाल रख लेते है।

## यात्री सुविधाओं को बेहतर करने चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, रानी कमलापति-दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है। गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँच रही है। वही गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है। अंत में गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 11 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है। वही गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 12 नवंबर तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँच रही है।

## युवती फांसी के फंदे पर झूली

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत खिरहनी में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि राहुल लोधी 29 वर्ष निवासी ग्राम खिरहनी ने सूचना दी कि उसकी बहन रेशमा लोधी 23 वर्ष रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गयी थी घर के सभी लोग सो गये थे आज सुबह देर तक सोकर नहीं उठी देखा घर के लोग दरवाजा खुलवाया नही खोलने पर पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा बहन रेशमा लोधी पंखे में रस्सी बांधकर फांसी पर मृत अवस्था में लटकी थी।

## घने कोहरे से सुबह, दिन में सूर्यदेव की चमक हुई फींकी

**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से मौसम का मिजाज बदल हुआ है। रविवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। दिन में बादलों और सूर्यदेव के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। सूर्यदेव की चमक फींकी पड़ी रही। मौसम विभाग की माने तो सोमवार से बादल हट जाएंगे एवं हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पूर्व हो जाएगी। 13 नवंबर तक वर्षा के असार नहीं है। अब कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार है।



मौसम विभाग की माने तो 2 नवंबर को सुबह 830 बजे भारतीय समयानुसार पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे म्यांमार तट पर बना रहा। इससे संबंधित चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत हो गया। इसके अगले 48 घंटों के दौरान म्यांमार-बांग्लादेश तटों के साथ-साथ उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। एक चक्रवातीय परिसंचरण विदर्भ और निकटवर्ती मराठवाड़ा क्षेत्र में माध्य समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊँचाई पर स्थित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 4 नवंबर 2025 से पश्चिम-हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

### ऐसा है तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 95 और शाम को 76 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्वी हवाएं तीन किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

## लकवाग्रस्त ने पिया कैरोसिन, मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में रहने वाले लकवाग्रस्त बुजुर्ग ने कैरोसिन पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि माढ़ोताल निवासी ईश्वर दास पनिका 70 वर्ष को लकवाग्रस्त होने के कारण कैरोसिन पी लेने से बेटे द्वारा मेडिकल में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के रविवार दोपहर 2-45 बजे मौत हो गई।

## शिक्षक-किसान के सूने घरों में चोरी

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत सिंगलदीप व चाका नाला में चोरों ने शिक्षक व किसान के सूने घरों में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर जेवरात,नगदी समेत अन्य सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रिंस पटैल 18 वर्ष निवासी सिंगलदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह किसान है। 24 अक्टूबर को मां निशा पटैल एवं बहन साक्षी पटेल के साथ आंख का इलाज करवाने चित्रकूट गये थे इलाज करवाकर 1 नवंबर की सुबह 11 बजे घर वापस आये देखे कि घर का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा आलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, नगदी 10 हजार रूपये , घर में रखे गेहू एवं उड़द, मूंग की दाल कुल कीमती लगभग 50 हजार रूपये के गायब थे। इसी प्रकार प्रवीण मिश्रा 57 वर्ष निवासी विनोवाभावे वार्ड पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके दामाद निखिल मिश्रा का मकान चाका नाला मेन रोड पनागर में है जो वर्तमान में भोपाल में शिक्षक हैं भोपाल जाने पर मकान की देखरेख के लिये उससे बोले थे। अज्ञात चोर मकान में घुस कर आलमारी में रखा सामान एवं नगदी कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये का चोरी कर ले गए है।

## उप्र में रहने वाली युवती से होगी पूछताछ

ट्रिपल आईटी छात्रावास से गिरे छात्र की मौत का मामला


**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत ट्रिपल आईटी की बिल्डिंग से 30 सितम्बर को संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरे छात्र की मौत के मामले में अब उप्र में रहने वाली एक युवती से पुलिस पूछताछ करने की तैयारी में है। दरअसल पुलिस ने जब मृतक छात्र के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई तो एक नंबर ऐसा मिला जिससे मृतक सबसे अधिक बातचीत हुई है। इसके बाद साइबर सेल की मदद से जांच पड़ताल शुरू हुई तो नंबर उप्र निवासी एक युवती



का निकला। जिसके बाद पुलिस अब युवती से पूछताछ की तैयारी में है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद हो सकता है कि छात्र की मौत का कारण पता चल सके। विदित हो कि उत्कर्ष तिवारी पिता चन्द्र कुमार तिवारी 19 वर्ष निवासी बरपुर बलवरगंज जैनपुर उत्तर प्रदेश का ट्रिपल आईटी में डीएम का छात्र था। 30 सितम्बर को मंगलवार दोपहर 12.30 बजे वह अचानक बिल्डिंग से गिर गया था। हादसे में उसे सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई थी। जिसे एम्बुलेंस से घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गया गया जहां दोपहर 1 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। एक अक्टूबर को उप्र से जबलपुर पहुंचे मृतक के परिजनों हत्या का आरोप लगाया था। घटना के बाद से पुलिस छात्र का मोबाइल फोन गायब था जिसकी तलाश की जा रही थी।बाद में मोबाइल झाडियों से बरामद कर लिया गया था।

### एक माह बाद भी अनसुलझा है प्रकरण

प्रकरण एक माह बाद भी अनसुलझा है। छात्र के मोबाइल की फॉरेंसिक जांच के साथ डाटा रिकवर के लिए भेजा गया है। मामले की जांच हत्या, आत्महत्या एंगल पर उलझी हुई है। डुमना चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने बताया कि छात्र की मोबाइल की पुलिस ने कॉल डिटेल निकाली है। सस्पेक्टेट नंबरों को चिहिन्त किया गया है। उत्कर्ष ने एक युवती से सबसे अधिक बात की है जिससे पूछताछ होगी।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57